राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने चूरू में सड़क हादसे पर दुःख जताया

जयपुर, 10 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर चरू में हुए सड़क हादसे पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस हादसे में हुई आकस्मिक मौतों पर दुःख जताया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि सड़क पर वाहन चलाते समय वाहन चालकों को बेहद सावधानी बरतनी चाहिए ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके। राज्यपाल श्री मिश्र ने दुर्घटना में सभी मृतकों की आत्म शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की बधाई

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् में एक्रीडेशन

जयपुर, 10 जनवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश के स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति श्री रक्षपाल सिंह, शिक्षकों, कर्मियों और छात्र–छात्राओं को बधाई दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के नेशनल एग्रीकल्चर एज्यूकेशन एक्रीडेशन बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय और उसके सम्बद्ध महाविद्यालयों को पांच वर्ष के लिए एक्रीडेशन दिया जाना सराहनीय है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापरक शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर उन्नति के लिए भरसक प्रयास करने होंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल